कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 12.01.2026

/प्रेस विज्ञप्ति/

कन्या महाविद्यालय में

युवा दिवस का आयोजन

डॉ0 वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोतर महाविद्यालय दुर्ग में विवेकानंद जी की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव से कहा कि उनके विचार हमें सिखाते है कि आत्मविश्वास सफलता की पहली सीढ़ी है। अपने लक्ष्य को प्राप्त करने लिए हमें एकाग्र होकर समर्पित होना चाहिए। उन्होनें छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि 'उठो, जागो, तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।' कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 सुषमा यादव ने कहा- कि युवा किसी भी राष्ट्र की नींव होते हैं। इसी युवा शक्ति को समर्पित राष्ट्रीय युवा दिवस हम प्रतिवर्ष मनाते है। यह दिवस युवाओं को उनके विचारों और ऊर्जा को देश के विकास में लगाने के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की ट्विंकल साहू, झरना, हेमलता, तृप्ति साहू, स्वाति साहू, नेहा ढीमर, भिनेश्वरी, कविता मालेकर, कविता ठाकुर, भावना बंजारे, वंदना साइ, मंजू साहू आदि छात्राओं ने अपनी सहभागिता दर्ज की। डॉ0 सुनीता तिवारी, श्रीमती वंदना बंजारे, श्री जुनैद सिद्दकी, श्री अरविन्द लोखण्डे, श्री विमल यादव, श्री विजय चन्द्राकर उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव व आभार प्रदर्शन श्रीमती ज्योति भरणे ने किया।

टीप - छात्रहित में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

युवा दिवस का आयोजन